आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया।
- डिगलीपुर तहसील के पंचायत समिति सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य तथा फरारगंज तहसील के सदस्य के लिए कल उप–चुनाव कराया गया।
- शहीद द्वीप में कल से विवेकानन्द मेला आयोजित किया जा रहा है।
- राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर स्थित फ्लोटिंग जेट्टी की सेवाएं कल से शुरू हो जाएंगी।
- एम जे एम मेमोरियल नाइट टी–10 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला गया।

<><><><><><>

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। एक सौ चवालीस वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। कल करीब पचास लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं। श्रद्धालू के लिए सुचारू और आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

<><><><><><>

डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत पश्चिम सागर के लिए ग्राम पंचायत समिति सदस्य, डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नबाग्राम के नबाग्राम–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र और फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत होपटाउन के होपटाउन–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए कल उप–चुनाव कराया गया। पूरी मतदान प्रकिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई। मतदान सामग्री को चिन्हित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ग्राम पंचायत होपटाउन के होपटाउन–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए छियहत्तर दशमलव छः–छः प्रतिशत, ग्राम पंचायत नबाग्राम के नबाग्राम–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र में पचहत्तर दशमलव दो–पांच प्रतिशत और पश्चिम सागर के लिए पंचायत समिति सदस्य के लिए इकसठ दशमलव दो–शून्य प्रतिशत मतदान किए गए। मतगणना पन्द्रह जनवरी को सुबह आठ बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><>

शहीद द्वीप में कल विवेकानन्द मेले की शुरूआत हुई। इस मेले का उद्घाटन मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी, अंडमान निकोबार प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने स्वामी विवेकानंद के मूल्यों और शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का जीवन मूल्यों और प्रेरणा से भरा है जो हर व्यक्ति को प्रेरित करता है। मुख्य सचिव ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने मेला में लगाए गए सरकारी स्टॉलों का भी दौरा किया। प्रशासन के विभिन्न विभागों ने अपनी गतिविधियों और उल्लेखनीय उपलब्धियों को दर्शाने के लिए स्टॉल लगाए हैं। उपस्थिति का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत नील केंद्र की प्रधान पिंकी दास ने बताया कि वर्ष उन्नीस सौ तिरानब्बे से 'विवेकानंद मेला' आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अट्ठारह जनवरी तक यह मेला जारी रहेगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के सिलसिले में कल मायाबंदर स्थित भारतीय तटरक्षक केन्द्र ने वनवासी कल्याण आश्रम और अंडमान निकोबार पुलिस के साथ ऑस्टिन 2 में एक चिकित्सा शिविर और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया। तटरक्षक के कमांडिंग ऑफिसर कमांडेंट एस. के लॉरेंस ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान, ए एस आई निर्मला केरकेट्टा और हेड कांस्टेबल अरोडी

दास ने प्रतिभागियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, दो हजार तेईस और भारतीय न्याय संहिता, दो हजार तेईस, पॉक्सो मामलों के बारे में जानकारी प्रदान की। तटरक्षक पत्नी कल्याण संघ ने भी "महिला स्वच्छता" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया और देकर प्राथमिक चिकित्सा किट वितरित किए। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के उपाध्यक्ष मुथुकुमार, जिला सचिव राम कुमार सिंह और डॉ. आर पी अस्पताल की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका इकबाल उपस्थित थी। चिकित्सा शिविर में अस्सी से अधिक ग्रामीणों का उपचार किया गया और उनमें आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवाएं वितरित की गईं।

<><><><><><><>

राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर स्थित क्षतिग्रस्त फ्लोटिंग जेट्टी की मरम्मत कर दी गई है। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस जेट्टी की सेवाएं कल से शुरू हो जाएंगी। सभी जलक्रीड़ा गतिविधियां और उनतीस यात्री क्षमता वाले छोटे जलयानों का संचालन अब जंगलीघाट जेट्टी से राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर में स्थानांतरित कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के तिरुवल्लुवर यूथ क्लब द्वारा आयोजित एम जे एम मेमोरियल नाइट टी–10 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला गया। विवेकानंद स्टेडियम में खेले गए मैच में पुलिस इलेवन की टीम ने वाइल्ड लाइफ रेंज कलारा को पराजित कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में पुलिस इलेवन टीम के कप्तान हसन ने सबसे ज्यादा एक सौ तिरपन रन बनाए, जबकि इसी टीम के विक्की ने सबसे ज्यादा तेरह विकेट लिए। वाइल्डलाइफ रेंज कलारा की ओर से अनिल ने सबसे ज्यादा पन्द्रह छक्के अपने नाम किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव, ने अपने संबोधन में कहा कि "एम जे एम कप खेलों को बढ़ावा देने और मैत्रीपूर्ण जनसंपर्क के लिए एक बेहतरीन मंच रहा है। इस टूर्नामेंट ने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मौका दिया है। इस दौरान अटल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीज उर रहमान भी उपस्थित थे। सुभाषग्राम के प्रधान पी. आर सिंगाराम ने कहा कि "एम जे एम टूर्नामेंट" लोगों में खेल भावना को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदाय के साथ संबंध स्थापित करने का एक बेहतरीन माध्यम है। बीस दिसंबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों से कुल बारह टीमों ने भाग लिया।

उधर, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित भारतीय नवीना क्रीड़ा उत्सव द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय अट्ठारह सौ से नीचे फीडे रेटिंग शतरंज महोत्सव–दो हजार पच्चीस में मॉडल स्कूल की चित्तिबोइना मगेश्वरी ने रेटेड खिलाड़ियों के खिलाफ दो जीत और दो ड्रॉ सहित नौ राउंड में से पांच अंक प्राप्त करके सर्वश्रेष्ठ सरकारी स्कूल छात्र श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया। इस टूर्नामेंट में लगभग चार सौ चालीस शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता की जांच करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने आज माध्यमिक विद्यालय दिलानीपुर का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने आस–पास के क्षेत्रों में भी सफाई बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने सभी छात्रों से खुद को नशीले पदार्थों से दूर रखने का अनुरोध किया और उन्हें खेलकूद में शामिल होकर खुद को फिट रखने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री लाल ने छात्रों को जल संरक्षण भी करने को कहा। इस दौरान उनके साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक और उप–प्रधानाचार्य बेबी नज़राना भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय में द्वीपसमूह पहचान पत्र को स्मार्ट कार्ड में बदलने की प्रकिया चल रही है। इसके लिए जिन लोगों ने अब तक अपने दस्तावेज जमा नहीं किए है, उनसे कहा गया है कि वे सभी कार्यदिवसों में अपने दस्तावेजों को कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करें। लक्ष्मीनगर ग्राम पंचायत के दस्तावेजों की प्रकिया चल रही है। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>